भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.07.2023

आरेडिका में वृहद वृक्षारोपण किया गया।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 08.07.2023 को पर्यावरण के संरक्षण के लिए कॉलोनी परिसर में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ जामुन, करेंज, अर्जुन, सागौन के 2200 वृक्षों का रोपण किया।

ज्ञात हो कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा था कि आरेडिका में इस साल 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है इसी कड़ी में आज से यह वृहद वृक्षारोपण अभियान आरम्भ किया गया। आगे भी विभिन्न खाली स्थानों को चिन्हित कर वृक्षारोपण का कार्य जारी रहेगा।

सम्पूर्ण देश में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाता है। क्योंकि इस समय वातारण में पर्याप्त नमी होती है जिससे पोधों को रोपित करने में मदद मिलती है तथा पौधों की जड़ों को जमने के लिए मृदुल जमीन मिलती है जिससे आवश्यक पोषक तत्वों को ग्रहण करना आसान हो जाता है एवं एक हरितमय वातावरण का निर्माण होता है। पीसीई श्री राजेश अग्रवाल द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

आरेडिका को हरा–भरा और सुन्दर बनाने के लिए हर वर्ष हजारों की संख्या में पेड़–पौधे लगाए जाते हैं और सिविल विभाग द्वारा उनकी नियमित देखभाल की जाती है। आज इसी का परिणाम है कि बंजर भूमि में स्थापित आरेडिका ईको ग्रीन फैक्ट्री एवं कॉलोनी के रूप में विकसित हो रही है। जिसके कारण आरेडिका में विभिन्न प्रकार जीव–जन्तुओं को पलने पनपने का अवसर मिलता है। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ –साथ आरेडिका जैव विविधता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री शमशेर सिंह कलसी, सीएओ श्री एसके कटियार, एवं पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, पीसीपीओं श्री अमर नाथ दुवे, पीसीएमओ श्री एम के शकरवाल, सीई श्री सत्य प्रकाश यादव, पीसीएससी श्री रमेश चन्द्र सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

08/7/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी